हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण मण्डल मण्डी के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि 1.04.2016 से 31.03.2017

भाग-एक

1 (क) प्रस्तावना :-

निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश) को आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण नियम-2004 की धारा 28(3) के अन्तर्गत विहीत प्रावधानों व हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या एच०एस०जी०-4(डी)1-1/92/2 दिनांक 13.09.2004 के अनुसार आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण हेतु अधिकृत किया गया है। तदानुसार आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के धर्मशाला मण्डल के लेखाओं अवधि 01.04.2016 से 31.03.2017 का अंकेक्षण एवं निरीक्षण का कार्य किया गया।

अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नलिखित अधिशासी अभियन्ता द्वारा इस मण्डल के आहरण एवं वितरण अधिकारी के पद का कार्य निष्पादित किया गया।

क्रम संख्या	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अवधि
1	श्री गीता राम ठाकुर	01.04.16 से 23.08.16
2	श्री ललित कुमार	24.08.16 से 31.03.17

(ख) हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण मण्डल मण्डी के लेखाओं अवधि 01.04.2016 से 31.03.2017 तक के अंकेक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण :-

क्र० सं०	गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त विवरण	पैरा संख्या	राशि (₹) लाखों में
1	विविध अग्रिम की समायोजन हेतु शेष राशि	5 (क)	(-)81.11
2	विभिन्न विभागों के निक्षेप कार्यों पर अधिक व्यय	6	1063.33
3	रख-रखाव प्रभार की बकाया राशि वसूली हेतु शेष	7 (क)	52.71
4	जल प्रभार की बकाया राशि वसूली हेतु शेष	8	0.91
5	निर्माण कार्य "C/o Police Building under modernization of Police force scheme (SH: C/o Police post at Pandoh)" में ठेकेदार को अनियमित भुगतान	9 (क, ख, घ)	3.02
6	निर्माण कार्य "C/o ITI Building of Chachiot i/c internal/external WS&SI, Rain harvesting tank, septic tank & Dev. Of site" में ठेकेदार को अनियमित भुगतान	10 (क) से (घ)	11.85
7	निर्माण कार्य "C/o PHC at Baga Chanogi, Mandi" में ठेकेदार को अनियमित भुगतान	11 (क) व (ग)	0.75
8	निर्माण कार्य "C/o Kalyan Bhavan at Mandi, SH: C/o	12 (क)	5.08

	Ist and 2nd floor on existing building of Women & Social welfare office" में ठेकेदार को अनियमित भुगतान		
9	निर्माण कार्य "C/o Class room/ computer hall and canteen including internal WS&SI in Govt. College at Barsar" में ठेकेदार को अनियमित भुगतान	15 (क) व (ख)	2.99
10	निर्माण कार्य "C/o Police building under modernisation of Police force scheme (SH: C/o 2 Nos Type-II Residential qtr at Police post Dharmpur" में ठेकेदार को अनियमित भुगतान	16 (क) व (ख)	1.93
13	निर्माण कार्य "C/o Ayurvedic Hospital at Katrain (SH: C/o Ayurvedic Hospital Building i/c WS&SI)" में ठेकेदार का अनियमित भुगतान	19 (क) व (ख)	1.32
14	निर्माण कार्य "C/o PSFS at Shahi Nala, Kullu (SH: C/o 16 Nos cat-III flats with parking floor including WS & SI, C/o 2 Nos 10000 ltr capacity rain water harvesting tank & Development of site." में ठेकेदार को अनियमित भुगतान	21 (क) (ख) व (घ)	5.20
15	बिना निविदायें आमंत्रित किए सामग्री का क्रय करना	26	1.01

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन के शेष अनिर्णीत पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन में संलग्न **परिशिष्ट "क"** में दर्शाई गई है। वर्ष 04/97 से 03/16 तक मण्डल से संबन्धित 69 पैरे शेष हैं जिनका वर्ष वार विवरण निम्नलिखित है :-

क्रम संख्या	वर्ष	शेष पैरों की संख्या	टिप्पणी
1	2000-01	1	आवास बोर्ड से संबन्धित पैरे
2	2001-02	1	
3	2003-04	1	
4	2005-06	2	
5	2006-07	1	
6	2007-08	3	
7	2008-09	1	
8	2009-10	6	
9	2010-11	6	
10	2011-12	8	
11	2012-13	5	
12	2013-14	11	
13	2014-15	12	
14	2015-16	9	
15	1997-98	1	नगर विकास प्राधिकरण से संबन्धित

16	1999-15.01.01	1	नगर विकास प्राधिकरण से संबन्धित
	कुल पैरे	**69**	

अतः अधिशासी अभियंता, आवास एवं शहरी विकास मण्डल मण्डी द्वारा उपरोक्त शेष पैरों में अपेक्षित कार्यवाही करने के उपरान्त इन पैरों का निस्तारण करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

भाग-दो

2 वर्तमान अंकेक्षण :-

हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण मण्डी मण्डल के लेखाओं अवधि 01.04.2016 से 31.03.2017 तक का अंकेक्षण कार्य श्री संदीप कमल, अनुभाग अधिकारी व श्री विद्यासागर, लेखा परीक्षक द्वारा श्री ज्ञान चन्द शर्मा, उप-निदेशक के पर्यवेक्षण में दिनांक 01.02.18 से 14.03.2018 तक मण्डी मे किया गया। माह 10/2016 के लेखाओं का चयन विस्तृत अंकेक्षण हेतु किया गया जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं। अंकेक्षण में आगामी पैराग्राफ में दर्शाये गये अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध करवाये गए।

इसके अतिरिक्त यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण मण्डल के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किए गये अभिलेख के आधार पर किया गया है I मण्डल अधिकारी द्वारा प्रदान की गई किसी भी गलत, अधूरी अथवा सूचना प्रदान न करने के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग किसी भी प्रकार से उतरदायी नहीं है I विभाग की जिम्मेवारी केवल विस्तृत जांच हेतु चयनित माह तक सीमित है।

3 अंकेक्षण शुल्क :-

हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण मण्डी मण्डल के लेखाओं अवधि 01.04.2016 31.03.2017 के अंकेक्षण शुल्क को जमा करवाने के लिए आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय को अलग से अनुरोध किया जाएगा।

4 वितीय स्थिति :-

(क) दिनांक 31.03.17 तक हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण मण्डी मण्डल की वितीय स्थिति एवं बैंक समाधान विवरणिका का विवरण **परिशिष्ट- "ख"** में दिया गया है।

(ख) बैंक समाधान विवरणी का अंकेक्षण करने के दौरान पाया कि हिमुडा मण्डी द्वारा ₹107250 के निम्नलिखित चैक / ड्राफ्ट UBI खाता संख्या 3621020100004655 से जारी किये गये थे लेकिन लम्बी अवधि व्यतीत होने के पश्चात भी यह चैक भुगतान हेतु बैंक के पास प्रस्तुत नहीं किये गए थे, जोकि अब कालातीत हो चुके हैं। अतः बैंक से पुष्टि के उपरांत इन चैकों की राशि को रोकड़ वही के आय पक्ष में लेना सुनिश्चित करें।

क्रमांक संख्या	चैक / ड्राफ्ट संख्या	राशि
1	00067 दिनांक 07.12.15	100000
2	025049 दिनांक 15.02.16	7250

कुल योग ₹107250

(ग) तलपट की जांच में पाया कि माह मार्च 2017 का प्रारम्भिक शेष ₹14451808.57 के स्थान पर ₹14451775.57 लिया गया था अर्थात तलपट में प्रारम्भिक शेष ₹33 कम लिए गए थे एवं तलपट का मिलान भी इसी शेष से किया गया था। अतः प्रारम्भिक शेष में ₹33 की राशि कम लेने का औचित्य स्पष्ट करें अन्यथा इसका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

5 **(क) विविध अग्रिम (-) ₹81.11 लाख समायोजन हेतु शेष :-**

जांच में पाया कि हिमुडा मण्डल मण्डी के खाते में दिनांक 31.03.17 को मिश्रित अग्रिम (-) ₹8111349/- समायोजन हेतु शेष थी। इस राशि का विस्तृत विवरण अंकेक्षण प्रतिवेदन में संलग्न **परिशिष्ट "ग"** में दर्शाया गया है, जोकि सही प्रतीत नहीं होता है क्योंकि परिशिष्ट में दिये गए विवरणानुसार अग्रिम राशि का समायोजन दी गई अग्रिम राशि से अधिक दर्शाया गया था, जिसके कारण अन्तिम शेष ऋणात्मक दर्शाया गया है। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 80 दिनांक 12.03.18 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था, लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः विविध अग्रिम के समायोजन हेतु सही राशि से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

(ख) अन्य अग्रिम राशियाँ :-

दिनांक 31.03.17 को मण्डल के लेखों के अनुसार निम्न अन्य राशियाँ समायोजन हेतु शेष थी :-

क्र०सं०	**अग्रिम विवरण**	**राशि**	**परिशिष्ट**
1	आवास निर्माण अग्रिम	283416	**परिशिष्ट "घ"**
2	गर्म वस्त्र अग्रिम	32820	**परिशिष्ट "ङ"**
3	स्टाफ अग्रिम	41773	**परिशिष्ट "च"**

उपरोक्त अग्रिम से सम्बंधित अभिलेखों की जांच करने पर पाया कि स्टाफ अग्रिम का समायोजन वित वर्ष के अन्त तक होना अपेक्षित है लेकिन परिशिष्ट "च" में वर्णित विवरणानुसार कर्मचारियों के खाते में दिनांक 31.03.17 तक ₹41773 समायोजन हेतु शेष थी, जिनका शीघ्र नियमानुसार समायोजन करवाया जाना सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

6 **विभिन्न विभागों के निक्षेप कार्यों पर दिनांक 31.03.17 तक प्राप्त राशि से अधिक व्यय करने के कारण ₹1063.33 लाख वसूली हेतु शेषः–**

हिमुडा मण्डल मण्डी द्वारा विभिन्न विभागों के निक्षेप (Deposit) कार्यों पर दिनांक 31.03.17 तक कुल प्राप्त राशि से अधिक राशि व्यय करने के कारण ₹1063.33 लाख वसूली हेतु शेष थे। इस राशि का पूर्ण विवरण **परिशिष्ट "छ"** में दिया गया है।

डिपॉजिट कार्यों पर कुल जमा/ प्राप्त राशि से अधिक व्यय करना एक गम्भीर अनियमितता है क्योंकि हिमुडा स्वयं उच्च ब्याज दरों पर ऋण प्राप्त करने के उपरान्त ही व्यय करता है। अतः वर्णित अनियमितता प्रशासन हिमुडा मण्डल के ध्यान में उचित कार्यवाही हेतु

लाई जाती है ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके तथा हिमुड़ा को निक्षेप कार्यों पर प्राप्त राशि से अधिक व्यय करने के कारण ब्याज के रूप में होने वाली हानि से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त उपरोक्त वर्णित अधिक व्यय की राशि की शीघ्र वसूली संबन्धित विभाग से करना सुनिश्चित करते हुए अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

7 **(क) रख-रखाव प्रभार के ₹52.71 लाख दिनांक 31.03.17 तक वसूली हेतु शेष :-**

हिमुडा मण्डल मण्डी के अधीन विभिन्न आवासीय कलौनियों से संबन्धित अभिलेखों का अंकेक्षण करने पर पाया कि इन परिसरों से दिनांक 31.03.17 तक रख-रखाव प्रभार के रूप में ₹5270550 वसूली हेतु शेष थे जिसका कलौनी वार विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है :-

क्र०सं०	**कलौनी का नाम**	**उपमण्डल क नाम**	**दिनांक 31.03.17 को वसूली योग्य राशि (₹)**
1	आवासीय बस्ती धोन्दी,	मण्डी	299543
2	आवासीय बस्ती सन्यारड,	मण्डी	183741
3	आवासीय बस्ती भ्यूली,	मण्डी	668830
4	आवासीय बस्ती दड़ूही,	हमीरपुर	161448
5	आवासीय बस्ती फेस-1 एवं फेस-2	बिलासपुर	959788
6	आवासीय बस्ती शाही नाला,	कुल्लू	553474
7	आवासीय बस्ती देवता ग्राउंड,	कुल्लू	521224
8	आवासीय बस्ती व्यासा मोड,	कुल्लू	1922502
	कुल राशि		**5270550**

उपरोक्त विवरण के अवलोकन से स्वतः ही स्पष्ट है कि मण्डल द्वारा विभिन्न आवासीय परिसरों से रखरखाव प्रभार की वसूली ठीक ढंग से नहीं की जा रही है और न ही इतनी अधिक राशि की वसूली हेतु उचित एवं कारगर कदम उठाये जा रहे हैं। परिणामस्वरूप वर्ष 2016-17 में यह राशि 2015-16 की तुलना में ₹4385280 से बढ़कर ₹5270550 पहुँच गई है। अगर उपरोक्त राशि की वसूली हेतु कोई उचित कदम न उठाए गए तो इस राशि की वसूली करना मुश्किल हो जाएगा। अतः यह प्रकरण हिमुडा प्रबन्धन के विशेष ध्यान में नियमानुसार आगामी उचित कार्यवाही करने हेतु लाया जाता है।

(ख) रख-रखाव प्रभार की बकाया राशियों पर देय ब्याज निर्धारित दर की अपेक्षा कम दरों पर मांग व वसूली करने सम्बन्धी अनियमितताः—

रख-रखाव प्रभारों की वसूली से संबन्धित नियमों के अनुसार यदि बिल जारी करने के 30 दिनों के भीतर उपभोक्ता द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो इसके पश्चात देय राशि पर 14% की दर से ब्याज/अधिभार वसूल किया जाना भी अपेक्षित है। अंकेक्षण के दौरान पाया कि उप मण्डल कुल्लू की आवासीय कलौनी शाही नाला, देवता ग्राउंड व व्यासा मोड के रख-रखाव प्रभारों की देय राशि का भुगतान उपभोक्ता द्वारा बिल जारी करने के 30 दिनों के उपरांत व छह महीनों के भीतर निर्धारित 14% की अपेक्षा करने पर केवल 12% की दर से ब्याज/अधिभार (छह माह के लिए 6%) लगाया गया था। जिसके परिणामस्वरूप हिमुडा को 2% ब्याज/अधिभार के रूप में होने वाली वितीय हानि से इंकार नहीं किया जा सकता है। अत: नियमों की अवहेलना करके रख-रखाव प्रभारों के रूप में देय राशियों को वसूल करने का औचित्य स्पष्ट करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 59 दिनांक 17.02.18 द्वारा अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में पत्र संख्या HIMUDA/MD/AB/LAD2016-7151 दिनांक 14.03.18 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि उक्त वर्णित कलौनियों के रख-रखाव प्रभारों के संशोधित बिल जारी कर दिए जायेंगे। अत: प्रत्युत्तर के अनुरूप अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाने के साथ–2 भविष्य में इस प्रकार की चूक को रोकने हेतु उचित कदम उठाया जाना भी सुनिश्चित किया जाए।

8 विभिन्न आवसीय कलौनियों से जल प्रभार के रूप में ₹0.91 लाख दिनांक 31.03.17 तक वसूली हेतु शेष :-

हिमुडा मण्डल मण्डी के अधीन विभिन्न आवासीय परिसरों के जल प्रभार के अभिलेखों का अंकेक्षण करने पर पाया कि इन परिसरों के जल उपभोक्ताओं से दिनांक 31.03.17 तक ₹91182 जल प्रभार के रूप में वसूली हेतु शेष थे जिस का परिसर वार विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है :-

क्र०सं०	कलौनी का नाम	उपमण्डल का नाम	दिनांक 31.03.17 को वसूली योग्य राशि (₹)
1	आवासीय बस्ती धोन्दी	मण्डी	13654
2	आवासीय बस्ती सन्यारड	मण्डी	17672
3	आवासीय बस्ती दड़ूही	हमीरपुर	3945
4	आवासीय बस्ती नया नगर	हमीरपुर	19936
5	आवासीय बस्ती शाही नाला	कुल्लू	22218
6	आवासीय बस्ती देवता ग्राउंड	कुल्लू	13757
		कुल राशि	**₹91182**

अतः बकाया जल प्रभार की ₹91182 की वसूली के लिए मण्डल समुचित कार्यवाही अमल में लाया जाना सुनिश्चित करें तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

9 कार्य का नाम :- C/o Police Building under modernization of Police force scheme (SH: C/o Police post at Pandoh)

Estimated Cost ₹54,85,611/-

Award amount	₹61,25,529/- Civil work- (11.38% above) WS & SI- (17.05 % above)
Award letter No.	No.Himuda/MD/W-28/2015-1095-1104 Dated 15.06.15
Agreement No.	23 of 2015-16
Name of Contractor	M/s Suresh Pal
Measurement Books	1579,1525,1603
Running Bill	3rd running bill
Time allotted	9 month
Voucher No.	66 Dated 28.10.16

उपरोक्त निर्माण कार्य के तृतीय चलित बिल का अंकेक्षण करने के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएँ पाई गई जिसका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए:-

(क) संविदाकार को ₹0.05 लाख का अधिक भुगतान :-

माप पुस्तिका संख्या 1525 के पृष्ठ 91 में ISLC 75 की मात्रा 2 x2x3=12 Rmt. के स्थान पर 24 Rmt. दर्ज की गई थी परिणमतः ISLC 75 की दर्ज मात्रा का कुल योग 91.10 रनिंग मीटर की अपेक्षा 103.10 रनिंग मीटर दर्शाया गया था और 519.27 कि०ग्रा० (91.10 X 5.70) के स्थान पर 587.67 कि०ग्रा० (103.10 X 5.70) लेकर माप पुस्तिका संख्याः 1579 के पृष्ठ 41 में अग्रेनित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप संविदाकार को ₹4856/- (68.40 कि०ग्रा० X 71) का अधिक भुगतान किया गया है। अतः अधिक भुगतान की वसूली उचित स्त्रौत से करना सुनिश्चित किया जाए।

(ख) न्याय संगत दरों से अधिक दरों पर कार्य का आबंटन करने के फलस्वरूप ₹0.39 लाख की वितीय हानि :-

उपरोक्त कार्य के आबंटन के दौरान न्यायसंगत दरों को नजर अन्दाज किया गया था एवं निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु संविदाकार के पक्ष में न्यायसंगत दरों से अधिक दरें अनुमोदित करके संविदाकार को अनुचित लाभ प्रदान किया गया प्रतीत होता है जिसके कारण मण्डल को निर्माण कार्य की निम्नलिखित मदों की अनुमानित मात्रा के आधार पर ₹39043/- का अधिक भुगतान होने की सम्भावना है । अतः न्यायसंगत दरों से अधिक पर कार्य का आबंटन करने का या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक भुगतान की वास्तविक राशि की गणना मण्डल स्तर पर करके वसूली उचित स्त्रोत से करना सुनिश्चित किया जाएः–

मद संख्या	**मद का विवरण**	**अनुमानित मात्रा**	**न्यायसंगत दरें (₹)**	**भुगतान हेतु अनुमोदित दरें (₹)**	**सम्भावित अधिक भुगतान**
13	Providing tor steel for RCC work	16970.75 किलोग्राम	60.10	62	32244
31	P/f 200mm wide & 19mm thick block	92.75 Rmtr	320	350	2783

	board pelmets				
41	P/f 19mm thick water proof commercial board in shelves	69.24 Square mtr	1042	1100	4016
				कुल योग	**₹39043**

(ग) कार्य के निष्पादन हेतु समय विस्तार की स्वीकृति प्रदान न करना :-

उपरोक्त कार्य के सम्पूर्ण निष्पादन हेतु दिनांक 20.03.16 तक का समय दिया गया था जबकि दिनांक 31.03.17 तक संविदाकार द्वारा कार्य पूरा नहीं किया गया था एवं कार्य के निष्पादन हेतु समय विस्तार की स्वीकृति भी प्रदान नहीं की गई थी। अतः अनुबन्ध की क्लाज-2 के अनुसार कार्यवाही की जानी अपेक्षित थी क्योंकि संबन्धित विभाग द्वारा समय-2 पर राशि मण्डल के खाते में जमा करने के बावजूद निर्माण कार्य पूर्ण न होने के कारण विभाग भवन का उपयोग करने से वंचित रहा एवं संबन्धित विभाग के खाते से राशि का आहरण करने से ब्याज के रूप में भी हानि हुई । अतः हिमुडा मण्डल मण्डी द्वारा कार्य को समय पर पूरा करवाने हेतु नियमों के अनुसार कार्यवाही न करके संविदाकार को अनुचित लाभ प्रदान किया गया प्रतीत होता है जिसके सम्बन्ध में पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा देरी के कारण हुई हानि की भरपाई उचित स्त्रौत से करना सुनिश्चित किया जाए।

(घ) कार्य के तृतीय चलत बिल तक ₹2.58 लाख का सेवा कर के रूप में अनियमित भुगतान :-

उक्त कार्य के आबंटन पत्र की शर्त संख्या 11 में स्पष्ट रूप में लिखा गया था कि " Service tax will be charged extra" और उक्त कार्य की न्यायसंगत दरों का अवलोकन करने पर पाया कि न्यायसंगत दरों का निर्धारण भी 12.36% on 40% "X" की दर से सेवा कर को जोड़ कर किया गया था तथा जिन दरों के आधार पर संविदाकार द्वारा प्रस्तुत दरों को Justify किया गया था किन्तु उक्त कार्य के विभिन्न चलत बिलों में देय सेवा कर की सम्बन्धित विभाग को अदायगी ठेकेदार के बिल से वसूली करने की अपेक्षा हिमुडा के मण्डी मण्डल द्वारा अलग से अपनी निधि से करने के कारण ठेकेदार को अनुचित लाभ प्रदान किया गया प्रतीत होता है, जिससे मण्डल को तृतीय चलत बिल तक निम्नविवरण अनुसार ₹257606 की हानि हुई है।

प्रथम चलित बिल :	₹135549/-
दूसरा चलित बिल :	₹61745/-
तृतीय चलित बिल :	₹60312/-
कुल योग	**₹257606**

उक्त अनियमितता का पूर्ण औचित्य स्पष्ट करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 57 दिनांक 17.02.18 द्वारा अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में पत्र संख्या HIMUDA/MD/AB/LAD-2016-7146 दिनांक 14.03.18 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि उक्त अनियमितता पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी । अतः वर्णित हानि की भरपाई उचित स्त्रोत से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

10 **कार्य का नाम :-** C/o ITI Building of Chachiot i/c internal/external WS&SI, Rain harvesting tank, septic tank & Dev. Of site

Award amount	₹2,44,02,963/- Civil work- (3.53% above) WS & SI- (195.95 % above)
Award letter No.	No.Himuda/MD/W-28/2012-379-89 Dated 23.04.13
Agreement No.	22 of 2013-14
Name of Contractor	M/s Narain Dass Naik
Measurement Books	1572,1573
Running Bill	11^{th} running bill
Time allotted	One Year
Voucher No.	24 Dated 15.10.16

उपरोक्त निर्माण कार्य के 11वें चलत बिल का अंकेक्षण करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

(क) मिट्टी की खुदाई में निकले आरडीनरी क्वारिड स्टोन की भण्डार प्रविष्टि एम० ए० एस० रजिस्टर में न लेने के फलस्वरूप ₹0.14 लाख की वितीय हानि

उपरोक्त कार्य के निष्पादन के दौरान 11वें चलत बिल तक अनुबन्धित मद "cutting in earth work" में 391.23 cubic meter मिट्टी की खुदाई हेतु ₹42644 का भुगतान संविदाकार को किया गया था। अंकेक्षण में पाया कि खुदाई में निकले पत्थरों की वसूली न तो संविदाकार से पत्थर जारी करके की गई थी और न ही पत्थरों को एम० ए० एस० रजिस्टर में दर्ज किया गया था। जबकि मान्य सिद्धान्त के अनुसार मिट्टी की खुदाई का न्यूनतम 10 % भाग आरडीनरी क्वारिड स्टोन / पत्थरों के रूप में लिया जाना अपेक्षित था। जोकि कुल मिट्टी की खुदाई 391.23 cubic meter का 39.12 cubic meter बनता है। अतः इस अनियमितता के कारण निर्माण मण्डल को निम्न विवरणानुसार कुल ₹14176 (39.12 X 362.36) की वितीय हानि हुई है जिसका नियमानुसार या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा वर्णित हानि की भरपाई उचित स्त्रोत से सुनिश्चित की जाएः–

एच०पी०एस०आर० 2009 के अनुसार आरडीनरी क्वारिड स्टोन की निर्धारित दर ₹350/- प्रति घन मीटर, ओवरआल प्रीमियम 3.53 % above

कुल दर प्रति घन मीटर 350+3.53% above = ₹362.36 प्रति घन मीटर

कुल हानिः 39.12m3x₹362.36=₹14176

(ख) न्याय संगत दरों से अधिक दरों पर कार्य का आबंटन करने के फलस्वरूप ₹2.53 लाख की वितीय हानि :-

उपरोक्त कार्य के आबंटन के दौरान न्यायसंगत दरों को नजर अन्दाज किया गया था एवं निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु संविदाकार के पक्ष में न्यायसंगत दरों से अधिक दरें अनुमोदित करके संविदाकार को अनुचित लाभ प्रदान किया गया प्रतीत होता है जिसके परिणामस्वरूप मण्डल को निर्माण कार्य की निम्नलिखित मदों की अनुमानित मात्रा के आधार पर ₹253401 का अधिक भुगतान होने की सम्भावना है। अतः न्यायसंगत दरों से अधिक दर पर कार्य का आबंटन करने का या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा वास्तविक अधिक भुगतान की

राशि की गणना मण्डल स्तर पर करके राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करना सुनिश्चित किया जाएः—

मद सं0	**मद का विवरण**	**अनुमानित मात्रा**	**न्यायसंगत दरें (₹)**	**भुगतान हेतु अनुमोदित दरें (₹)**	**सम्भावित अधिक भुगतान (₹)**
31	S/F plain glass 4mm thick with putty & nails including carriage of material in all lead & lift.	289.53 Square mtr	638.35	759	34932
38	P/f 75mmX60mm moulded hand rails in straight length complete.	29.92 Rmtr	746.85	800	1590
77	6mm cement plaster	2303.36 Square mtr	73.20	90	38696
79(b)	15 mm cement plaster 1:6	2746.81 Square mtr	101.90	162	165083
88	Add extra over item of cement plaster work	619 pack	50.80	60	5695
6(b) Anne x.II	P/F sand cast iron, 100mm nominal size	52.02 Rmtr	716.65	859	7405
				कुल योग	₹253401

(ग) कार्य के 13वें चलत बिल तक ₹8.87 लाख का सेवा कर के रूप में अनियमित भुगतान:-

उक्त कार्य के आबंटन पत्र की शर्त संख्या 9 में स्पष्ट रूप में लिखा गया था कि " You have agreed not to claim anything extra on account of Service tax from the HIMUDA" और उक्त कार्य की न्यायसंगत दरों का अवलोकन करने पर पाया गया कि न्यायसंगत दरों का निर्धारण भी 12.36% on 40% "X" की दर से सेवा कर को जोड़ कर किया गया था। तथा इन्हीं दरों के आधार पर संविदाकार द्वारा प्रस्तुत दरों को Justify किया गया था परन्तु उक्त कार्य के विभिन्न चलत बिलों में देय सेवा कर की सम्बन्धित विभाग को अदायगी ठेकेदार के बिल से वसूली करने की अपेक्षा हिमुडा के मण्डी मण्डल द्वारा अलग से अपनी निधि से करने के कारण ठेकेदार को अनुचित लाभ प्रदान किया गया प्रतीत होता है, जिससे निर्माण मण्डल को 13वें चलत बिल तक निम्नविवरणानुसार ₹887331 की हानि हुई है।

6th Running bill : ₹1,91,548/-
7th Running bill : ₹2,02,412/-
8th Running bill : ₹1,92,370/-
9th Running bill : ₹1,36,591/-
10th Running bill : ₹67,508/-
11th Running bill : ₹34,369/-

12th Running bill : ₹18,963/-
13th Running bill : ₹43,570/-

कुल योग ₹887331

उक्त वर्णित अनियमितता का या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा हानि की भरपाई उचित स्त्रोत से करनी सुनिश्चित की जाए।

(घ) अतिरिक्त मद की दर का निर्धारण नियमों के अनुसार न करने के परिणामस्वरूप ठेकेदार को ₹0.30 लाख का अधिक भुगतान :-

उक्त कार्य में एक अतिरिक्त मद " Excavation in earth work & filling in 15cm layer in foundation" का निष्पादन किया गया था, लेकिन अंकेक्षण में पाया कि उक्त मद की दर का निर्धारण Agreement clause 12 (ii) मे निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं किया गया था। जिस के अनुसार दर का निर्धारण अनुबन्ध की Similar मद संख्या 3 " Excavation in foundation, trenches etc" की दर के Premium के आधार पर निम्नविवरणानुसार ₹122. 37 Per m3 किया जाना अपेक्षित था। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त मद की दर का अधिक निर्धारण करके ठेकेदार को ₹29850/- (430.99 CUM X 69.26 (191.63-122.37) का अनुचित लाभ प्रदान किया गया हैः–

Extra Item Excavation in earth work & filling in 15cm layer in foundation	**Similar Class Item Excavation in foundation,trenches etc (Item No. 3)**	**निर्धारित दर**	**भुगतान योग्य दर**
HPSR-2009 (07060200) ` 87.15/ - +115.55 (lead) = 202.70	SR-2009 (07040000) ₹ 180.55/- Awarded Rate : ₹109/-	₹191.63 P.Cum	109/180.55 X 202.70 = ₹122.37 P.Cum

उक्त अनियमितता का पूर्ण औचित्य स्पष्ट करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 5 5 दिनांक 1 6.02.18 द्वारा अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में पत्र संख्या HIMUDA/MD/AB/LAD-2016-7148 दिनांक 14.03.18 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि उक्त अनियमितता पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। अतः वर्णित हानि की भरपाई उचित स्त्रोत से की जाना सुनिश्चित की जाए।

11 कार्य का नाम :- C/o PHC at Baga Chanogi, Mandi

Award amount	₹59,57,111/- Civil work- (36.73% above) WS & SI- (37.17 % above)
Award letter No.	No.Himuda/MD/W-2015-6221-30 Dated 27.02.16
Agreement No.	4 of 2016-17
Name of Contractor	Sh. Revati Ram
Measurement Books	1581,1584
Running Bill	3rd running bill
Time allotted	One Year
Voucher No.	73 Dated 28.10.16

उपरोक्त निर्माण कार्य के तृतीय चलत बिल का अंकेक्षण करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए :-

(क) मिट्टी की खुदाई में निकले आरडीनरी क्वारिड स्टोन की भण्डार प्रविष्टि एम० ए० एस० रजिस्टर में न लेने के फलस्वरूप ₹0.63 लाख की वितीय हानिः-

उपरोक्त कार्य के निष्पादन के दौरान तृतीय चलत बिल तक अनुबन्धित मद "cutting in earth work" में 1322.20 cubic meter मिट्टी की खुदाई हेतु ₹1,94,363/- का भुगतान संविदाकार को किया गया था। अंकेक्षण में पाया गया कि खुदाई में निकले पत्थरों की वसूली न तो संविदाकार से पत्थर जारी करके की गई थी और न ही पत्थरों को एम० ए० एस० रजिस्टर में दर्ज किया गया था। जबकि मान्य सिद्धान्त के अनुसार मिट्टी की खुदाई का न्यूनतम 10 % भाग आरडीनरी क्वारिड स्टोन / पत्थरों के रूप में लिया जाना अपेक्षित था। जोकि कुल मिट्टी की खुदाई 1322.20 cubic meter का 132.22 cubic meter बनता है। अतः इस अनियमितता के कारण निर्माण मण्डल को निम्न विवरणानुसार ₹63274 (132.22 m3 x ₹478.55) की वित्तीय हानि हुई है जिसका नियमानुसार या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा वर्णित हानि की भरपाई उचित स्त्रोत से करनी सुनिश्चित की जाएः–

एच०पी०एस०आर० 2009 के अनुसार आरडीनरी क्वारिड स्टोन की निर्धारित दर ₹350/- प्रति घन मीटर, ओवरआल प्रीमियम 36.73 % above

कुल दर प्रति घन मीटर 350+36.73% above =₹478.55 प्रति घन मीटर

कुल हानि 132.22 m3 x ₹478.55=₹63274

(ख) उक्त कार्य में स्टील का क्रय ठेकेदार द्वारा अपने स्तर पर किया गया था एवं तृतीय चलत बिल तक कुल 8220.99 किलोग्राम स्टील का प्रयोग किया जा चुका था जिसके लिए ₹60 प्रति किलोग्राम की दर से ठेकेदार को ₹4,93,259 का भुगतान किया गया था। अंकेक्षण में पाया कि आबंटन पत्र में न तो स्टील क्रय करने बारे कोई शर्त ही जोड़ी गई थी और न ही क्रय स्टील से संबन्धित कोई अभिलेख आवश्यक अंकेक्षण हेतु ही प्रस्तुत किए गये, जिनके अभाव में कार्य में प्रयोग स्टील की गुणवत्ता का पता नहीं चल सका। अतः स्टील के क्रय से संबन्धित पूर्ण अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें एवं उक्त कार्य में ठेकेदार द्वारा अपने स्तर पर स्टील का क्रय करने का औचित्य भी स्पष्ट करते हुए भविष्य में आबंटन पत्र में ही स्टील के प्रयोग/ क्रय से संबन्धित शर्त जोड़ना सुनिश्चित करें।

(ग) कार्य के तृतीय चलत बिल तक ₹0.12 लाख का सेवा कर के रूप में अनियमित भुगतान :-

उक्त कार्य के आबंटन पत्र की शर्त संख्या 11 में स्पष्ट रूप में लिखा गया था कि "Service tax & SBC as applicable shall be recovered and you will not claim anything extra on this account" लेकिन उक्त कार्य की न्यायसंगत दरों का अवलोकन करने पर पाया कि न्यायसंगत दरों का निर्धारण भी 12.36% on 40% "X" की दर से सेवा कर को जोड़ कर किया गया था तथा इन्हीं दरों के आधार पर संविदाकार द्वारा प्रस्तुत दरों को Justify किया गया था परन्तु उक्त कार्य के विभिन्न चलत बिलों में देय सेवा कर की सम्बन्धित विभाग को

अदायगी ठेकेदार के बिल से वसूली करने की अपेक्षा हिमुडा के मण्डी मण्डल द्वारा अलग से अपनी निधि से करने के कारण ठेकेदार को अनुचित लाभ प्रदान किया प्रतीत होता है, जिससे निर्माण मण्डल को तृतीय चलत बिल तक ₹11856 की हानि हुई है। अतः इस अनियमितता का नियमानुसार या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा हानि की भरपाई उचित स्त्रौत से करनी सुनिश्चित की जाए।

12 **कार्य का नाम :-** C/o Kalyan Bhavan at Mandi, SH: C/o Ist and 2nd floor on existing building of Women & Social welfare office

Estimated Cost	₹1,13,83,733/-
Award amount	₹1,13,77,714/- Civil work- (1.88% below)
	WS & SI- (335.49 % above)
Award letter No.	No.Himuda/MD/W-28/2014-6315-24 Dated 24.02.15
Agreement No.	12 of 2014-15
Name of Contractor	Pankaj Gupta
Measurement Books	1554,1580,1602
Running Bill	5th running bill
Time allotted	18 month
Voucher No.	34 Dated 20.10.16

उपरोक्त निर्माण कार्य के पांचवें चलत बिल का अंकेक्षण करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए:-

(क) कार्य के पांचवें चलित बिल तक ₹5.08 लाख का सेवा कर के रूप में अनियमित भुगतान :-

उक्त कार्य के आबंटन पत्र की शर्त संख्या 11 में स्पष्ट रूप में लिखा गया था कि “ Service tax as applicable will be deducted” और उक्त कार्य की न्यायसंगत दरों का अवलोकन करने पर पाया कि न्यायसंगत दरों का निर्धारण भी 12.36% on 40% “X” की दर से सेवा कर को जोड़ कर किया गया था तथा इन्हीं दरों के आधार पर संविदाकार द्वारा प्रस्तुत दरों को Justify किया गया था परन्तु उक्त कार्य के विभिन्न चलत बिलों में देय सेवा कर की सम्बन्धित विभाग को अदायगी ठेकेदार के बिल से वसूली करने की अपेक्षा हिमुडा के मण्डी मण्डल द्वारा अलग से अपनी निधि से करने के कारण ठेकेदार को अनुचित लाभ प्रदान किया गया प्रतीत होता है, जिससे निर्माण मण्डल को पांचवें चलत बिल तक निम्नविवरणानुसार ₹508133/- की हानि हुई है। अतः वर्णित अनियमितता का या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा हानि की भरपाई उचित स्त्रौत से करनी सुनिश्चित की जाएः–

1	st Running bill	:	₹75454/-
2	nd Running bill	:	₹55929/-
3	rd running bill	:	₹131845/-
4	th running bill	:	₹111122/-
5	th running bill	:	₹133783/-

कुल योग ₹508133

(ख) उक्त निर्माण कार्य में सविंदाकार से निष्पादित करवाई गई अतिरिक्त मदों के दर विश्लेषण (Analysis of rates) अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए जोकि एक गंभीर अनियमितता है क्योंकि इसके अभाव में ठेकेदार को इन मदों की भुगतान की गई दरों की सत्यापना अंकेक्षण में सम्भव न हो सकी। अतः निम्नविवरण अनुसार वर्णित अभिलेख आगामी अंकेक्षण पर प्रस्तुत करके सत्यापन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाएः–

1. P/f aluminium amodised powder coated grills.
2. P/f Bakelite sheet panel
3. P/f Glavanased M.S.Wire gauge.
4. P/f 4mm thick E. Board.

उक्त अनियमितता की सूचना अधिशाषी अभियन्ता को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 56 दिनांक 1 6.02.18 द्वारा दी गई थी, जिसके प्रत्युत्तर में पत्र संख्या HIMUDA/MD/AB/LAD-2016-7147 दिनांक 14.03.18 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि उक्त अनियमितता पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

13 **कार्य का नाम :-** C/o Addition toilet and minor repair of existing building of Distt Ayurvedic Office at Mandi.

Estimated Cost	₹2,66,269/-
Award amount	` 3,96,294/- Civil work- (50.32% above) WS & SI- (43.27 % above)
Award letter No.	No.Himuda/MD/W-28/2015-4484-92 Dated 29.11.15
Agreement No.	4 of 2015-16
Name of Contractor	Sh. Pawan Kumar
Measurement Books	1526
Running Bill	2nd & Final bill
Time allotted	3 month
Voucher No.	37 Dated 22.10.16

उपरोक्त निर्माण कार्य के दूसरे एवं अन्तिम बिल का अंकेक्षण करने के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

(क) कार्य के निष्पादन हेतु समय विस्तार की स्वीकृति प्रदान न करना :-

उपरोक्त कार्य के सम्पूर्ण निष्पादन हेतु दिनांक 14.03.16 तक का समय दिया गया था जबकि उक्त कार्य दिनांक 13.04.16 को सम्पूर्ण हुआ था लेकिन निर्धारित समय सीमा के पश्चात कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय विस्तार की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई थी। अतः समय विस्तार की स्वीकृति न देने का या तो औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अनुबन्ध की क्लाज-2 के अनुसार ठेकेदार के विरूद्ध अपेक्षित कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए।

(ख) उक्त कार्य के अन्तिम बिल तक कुल ₹434140 का व्यय किया गया था जबकि कार्य का आबंटन ₹396294 में किया गया था, अर्थात उक्त कार्य में कुल ₹37846 का विचलन था। अतः

अन्तिम बिल के भुगतान से पूर्व उक्त विचलन की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति लेना आवश्यक थी, जोकि नहीं ली गई थी। अतः अब वर्णित अनियमितता को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति लेकर नियमित किया जाए।

14 **कार्य का नाम :-** C/o 4 Nos T-II Residence i/c WS&SI, Deptt of Police Dhangsidhpur

Estimated Cost	₹35,97,207/-
Award amount	₹45,59,869/- Civil work- (22.70% above) WS & SI- (203.48 % above)
Award letter No.	No.Himuda/MD/W-28/2013-3644-53 Dated 21.10.13
Agreement No.	29 of 2013-14
Name of Contractor	Sh. Chetan Vaidya
Measurement Books	1560,1405
Running Bill	4th & Final bill
Time allotted	6 month
Voucher No.	86 Dated 29.10.16

उपरोक्त निर्माण कार्य के चतुर्थ एवं अन्तिम बिल का अंकेक्षण करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(क) मिट्टी की खुदाई में निकले आरडीनरी क्वारिड स्टोन की भण्डार प्रविष्टि एम० ए० एस० रजिस्टर में न लेने के फलस्वरूप ₹0.18 लाख की वितीय हानिः-

जांच में पाया कि उपरोक्त कार्य के निष्पादन के दौरान चतुर्थ एवं अन्तिम बिल तक अनुबन्धित मद " cutting in earth work" में 428.84 cubic meter मिट्टी की खुदाई हेतु ₹64326 का भुगतान संविदाकार को किया गया था। अंकेक्षण में पाया गया कि खुदाई में निकले पत्थरों की वसूली न तो संविदाकार से पत्थर जारी करके की गई थी और न ही पत्थरों को एम० ए० एस० रजिस्टर में दर्ज किया गया था जबकि मान्य सिद्धान्त के अनुसार मिट्टी की खुदाई का न्यूनतम 10 % भाग आरडीनरी क्वारिड स्टोन / पत्थरों के रूप में लिया जाना अपेक्षित था। जोकि कुल मिट्टी की खुदाई 428.84 cubic meter का 42.88 cubic meter बनता है। अतः इस अनियमितता के कारण निर्माण मण्डल को निम्न विवरणानुसार ₹18415 (42.88 X 429.45) की वितीय हानि हुई है जिसका नियमानुसार या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा वर्णित हानि की भरपाई उचित स्त्रोत से करनी सुनिश्चित की जाए:-

एच०पी०एस०आर० 2009 के अनुसार आरडीनरी क्वारिड स्टोन की निर्धारित दर ₹350 प्रति घन मीटर, ओवरआल प्रीमियम 22.70 % above

कुल दर प्रति घन मीटर 350+22.70% above = ₹429.45 प्रति घन मीटर

कुल हानिः 42.88 m3 x ₹429.45=₹18415

(ख) संविदाकर को ₹212 का अधिक भुगतान :-

माप पुस्तिका संख्या 1405 के पृष्ठ 65 की मद संख्या 6 (d) “ Providing form work, Beam,Cantilivers etc.” की निष्पादित कार्य प्रमात्रा 119.90 Sq. Mtr की अपेक्षा 120.80 Sq. Mtr दर्ज की गई थी, जिसे माप पुस्तिका संख्या 1560 के पृष्ठ 14 में अग्रेनित करके ठेकेदार को ₹212 (0.90m2 X ₹235) का अधिक भुगतान कर दिया गया था। अतः वर्णित अनियमितता का या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक भुगतान वसूली उचित स्त्रौत से करना सुनिश्चित किया जाए।

(ग) कार्य के निष्पादन हेतु समय विस्तार की स्वीकृति प्रदान न करना :-

उपरोक्त कार्य के सम्पूर्ण निष्पादन हेतु दिनांक 05.05.14 तक का समय दिया गया था जबकि उक्त कार्य दिनांक 30.11.14 को सम्पूर्ण हुआ था लेकिन निर्धारित समय सीमा के पश्चात कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय विस्तार की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई थी। अतः समय विस्तार की स्वीकृति न देने का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अनुबन्ध की क्लाज-2 के अनुसार ठेकेदार के विरूद्ध अपेक्षित कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए।

(घ) उक्त कार्य के अन्तिम बिल तक निम्नलिखित मदों में ₹187190 का अत्याधिक विचलन पाया गया, जिसके लिए ठेकेदार को भुगतान से पूर्व सक्षम अधिकारी से स्वीकृति लेना अपेक्षित थी जोकि नहीं ली गई। अतः सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बिना ठेकेदार को भुगतान करने सम्बन्धी अनियमितता को सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित किया जाए अन्यथा नियमानुसार सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएः–

मद संख्या	मद का विवरण	अनुमानित मात्रा	निष्पादित मात्रा	भुगतान हेतु अनुमोदित दरें (₹)	विचलन (₹)
7	P/L CC 1:4:8	3.42 CUM	17.54 CUM	3600/-	50832
23	RR Masonary	58.82 CUM	80.44 CUM	2800/-	60536
27	Providing weepholes in bricks masonary	11 Nos	50 Nos	150/-	5850
34	P/F 19MM thick water proof commercial board	78.36 Sq. mtr	103.58 Sq. mtr	850/-	21437
74	Finishing wall with water proof	418.40 Sq. mtr	621.59 Sq. mtr	80/-	16255
33 (Annex-	P/L and jointing	20 Rmtr	58.40 Rmtr	450/-	17280

II)	rainforced concrete non-pressure pipe				
34 (Annex-II)	C/o man hole with RCC top slab 1:2:4	3 Nos	6 Nos	5000/-	15000
				कुल योग	₹187190

15 **कार्य का नाम :-** C/o Class room/ computer hall and canteen including internal WS&SI in Govt. College at Barsar.

Estimated Cost	₹31,39,773/-
Award amount	₹45,56,132/- Civil work- (44.86% above)
	WS & SI- (70.04 % above)
Award letter No.	No.Himuda/MD/W-28/2016-1672-81 Dated 21.06.16
Agreement No.	13 of 2016-17
Name of Contractor	Sh. Rakesh Kumar
Measurement Books	1593,1459,1562
Running Bill	2nd Running bill
Time allotted	9 month
Voucher No.	38 Dated 22.10.16

उपरोक्त निर्माण कार्य के दूसरे चलत बिल का अंकेक्षण करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

(क) मिट्टी की खुदाई में निकले आरडीनरी क्वारिड स्टोन की भण्डार प्रविष्टि एम० ए० एस० रजिस्टर में न लेने के फलस्वरूप ₹0.95 लाख की वितीय हानिः-

उपरोक्त कार्य के निष्पादन के दौरान चतुर्थ एवं अन्तिम बिल तक अनुबन्धित मद "cutting in earth work" में 1885.55 cubic meter मिट्टी की खुदाई हेतु ₹4,05,393/- का भुगतान संविदाकार को किया गया था । अंकेक्षण में पाया गया कि खुदाई में निकले पत्थरों की वसूली न तो संविदाकार से पत्थर जारी करके की गई थी और न ही पत्थरों को एम० ए० एस० रजिस्टर में दर्ज किया गया था । जबकि मान्य सिद्धान्त के अनुसार मिट्टी की खुदाई का न्यूनतम 10 % भाग आरडीनरी क्वारिड स्टोन / पत्थरों के रूप में लिया जाना अपेक्षित था । जोकि कुल मिट्टी की खुदाई 1885.55 cubic meter का 188.56 cubic meter बनता है। अतः इस अनियमितता के कारण निर्माण मण्डल को निम्न विवरणानुसार ₹95602 (188.56m3x₹507.01) की वित्तीय हानि हुई है जिसका नियमानुसार या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा वर्णित हानि की भरपाई उचित स्त्रोत से करनी सुनिश्चित की जाएः–

एच०पी०एस०आर० 2009 के अनुसार आरडीनरी क्वारिड स्टोन की निर्धारित दर ` 350/- प्रति घन मीटर, ओवरआल प्रीमियम 44.86 % above

कुल दर प्रति घन मीटर 350+44.86% above = ₹507.01 प्रति घन मीटर
कुल हानिः'– 188.56m3x₹507.01=₹95602

(ख) कार्य के पांचवें चलत बिल तक ₹2.03 लाख का सेवा कर के रूप में अनियमित भुगतान :-

उक्त कार्य के आबंटन पत्र की शर्त संख्या 11 में स्पष्ट रूप में लिखा गया था कि " Service tax and SBC as applicable shall be recovered and you will not claim anything extra on this account" और उक्त कार्य की न्यायसंगत दरों का अवलोकन करने पर पाया गया कि न्यायसंगत दरों का निर्धारण भी 12.36% on 40% "X" की दर से सेवा कर को जोड़ कर किया गया था। तथा इन्हीं दरों के आधार पर संविदाकार द्वारा प्रस्तुत दरों को Justify किया गया था परन्तु उक्त कार्य के विभिन्न चलत बिलों में देय सेवा कर की सम्बन्धित विभाग की अदायगी ठेकेदार के बिल से वसूली करने की अपेक्षा हिमुडा के मण्डी मण्डल द्वारा अलग से अपनी निधि से करने के कारण ठेकेदार को अनुचित लाभ प्रदान किया गया प्रतीत होता है, जिससे निर्माण मण्डल को पांचवें चलत बिल तक निम्नविवरणानुसार ₹202968की हानि हुई है। अतः वर्णित अनियमितता का या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा हानि की भरपाई उचित स्त्रौत से सुनिश्चित की जाए।

1st	Running bill :	₹19505/-
2nd	Running bill :	₹90535/-
3rd	running bill :	₹92928/-
	कुल योग	**₹202968**

(ग) उक्त कार्य के अन्तिम बिल तक निम्नलिखित मदों में ₹888708/- का अत्याधिक विचलन पाया गया, जिसके लिए ठेकेदार को भुगतान से पूर्व सक्षम अधिकारी से स्वीकृति लेना अपेक्षित थी जोकि नहीं ली गई। अतः सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बिना ठेकेदार को भुगतान करने सम्बन्धी अनियमितता या तो सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए अन्यथा नियमानुसार सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएः–

मद संख्या	मद का विवरण	अनुमानित मात्रा	निष्पादित मात्रा	भुगतान हेतु अनुमोदित दरें (₹)	विचलन (₹)
1	Cutting in earth work	735 CUM	1885.55 CUM	215/-	247368
9	P/L CC 1:5:10	198.45 CUM	377.49 CUM	3400/-	608736
15	Stone filling behind retaining walls	42.99 CUM	70.16 CUM	1200/-	32604
				कुल योग	₹888708

उक्त अनियमितता की सूचना अधिशाषी अभियन्ता को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 58 दिनांक 17.02.18 द्वारा दी गई थी, जिसके प्रत्युत्तर में पत्र संख्या HIMUDA/MD/AB/LAD-2016-7149 दिनांक 14.03.18 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि उक्त अनियमितता पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

16 **कार्य का नाम :-** C/o Police building under modernisation of Police force scheme (SH: C/o 2 Nos Type-II Residential qtr at Police post Dharmpur.

Estimated Cost	₹24,48,435/-
Award amount	₹34,67,220/- Civil work- (40.48% above) WS & SI- (64.86 % above)
Award letter No.	No.Himuda/MD/W-28/2015-3845-54 Dated 20.10.15
Agreement No.	14 of 2015-16
Name of Contractor	Sh. Dharm Singh Thakur
Measurement Books	1515,1588,1589
Running Bill	3rd Running bill
Voucher No.	36 Dated 22.10.16

उपरोक्त निर्माण कार्य के तृतीय चलत बिल का अंकेक्षण करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(क) मिट्टी की खुदाई में निकले आरडीनरी क्वारिड स्टोन की भण्डार प्रविष्टि एम० ए० एस० रजिस्टर में न लेने के फलस्वरूप ₹0.25 लाख की वितीय हानिः-

